स्क्रीनिंग की दिनांक से सेवा की गणना करते हुए प्रदान किया जा रहा हैं, जो गलत है। उपरोक्त तथ्य अंकित करते हुए अपीलार्थी ने निम्न प्रकार से प्रार्थना की है :–

> "It is therefore most humbly prayed that this appeal may kindly be allowed and call for the record relating to the case and examining the same the impugned orders after dated 13.6.2016 (Annex-7) and order dated 29.11.2016 (Annex-8) may kindly be quashed and set aside and further be directed to the respondents to count his services from the date of initial appointment i.e. 4.8.1986 for the purpose of third selection grade/ACP and arrears be also granted with interest of 9% P.A.
>
> Any other order, which this Hon'ble Court deem just and proper may kindly be passed in favour of the appellant."

2. प्रत्यर्थी विभाग की ओर से जवाब प्रस्तुत कर यह अंकित किया गया है कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति पंचायत समिति कुचामन सिटी जिला नागौर द्वारा आदेश दिनांक 04.08.1986 को अस्थायी तौर पर संत्रात तक के लिए केवल 6 माह के लिए अथवा चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध हो जो भी पहिले हो, की शर्त के साथ अध्यापक के पद पर की गई। तद्नुसार अपीलार्थी ने कार्यभार ग्रहण किया और जिला कर्मचारी वर्ग समिति (जिला परिषद) नागौर द्वारा आदेश 11.05.1988 एवं दिनांक 04.06.1988 की पालना मे विकास अधिकारी कुचामनसिटी ने आदेश दिनांक 07.09.1988 से दो वर्ष की परिवीक्षाधीन के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गई। माननीय उच्चतम न्यायालय के सिविल अपील संख्या 3620/2009, 2848/2006 राजस्थान राज्य एवं अन्य बनाम् जगदीश नारायण चतुर्वेदी मे पारित विनिश्चय के अनुसार अपीलार्थी दिनांक 07.09.1988 नियमित नियुक्ति से ही चयनित वेतनमान सहित सेवा संबधित समस्त लाभ प्राप्ति का विधिक अधिकारी है। अपीलार्थी ने आदेश विरूद्ध उक्त अपील लम्बे बिलम्ब बाद बिना कोई वाद कारण उत्पन्न हुए और विलम्ब क्षम्य की प्रार्थना के बिना ही सारहीन एवं निरर्थक तथ्यो के आधार पर माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित विनिश्चय की पालना मे जारी आदेश दिनांक 13.06.2016 तथा 29.11.2016 विधिसम्मत होने से अपील अपीलार्थी मय कोस्ट काबिल निरस्त योग्य है।
3. दोनों पक्षों द्वारा दिये गये तर्को पर विचार किया गया।
4. इस अपील में अपीलार्थी ने अपनी प्रथम नियुक्ति का आदेश दिनांक 30.07.1986 प्रस्तुत किया है, जिससे स्पष्ट है कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति अस्थायी तौर पर 6 माह के लिये अथवा चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक

